भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रैस विज्ञप्ति

09.12.2024 – अखिल भारतीय

<u>माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा पानीपत में एलआईसी की बीमा सखी योजना का उद्‌घाटन किया गया</u>

भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा 9 दिसंबर, 2024 को हरियाणा के पानीपत स्थित सेक्टर 13/17, एचएसवीपी ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में एलआईसी की बीमा सखी योजना का उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के माननीय राज्यपाल, श्री बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री, श्री नायब सिंह सैनी, माननीय केंद्रीय मंत्री वित्त और कॉर्पोरेट कार्य, श्रीमती निर्मला सीतारमण, श्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री- आवास तथा शहरी मामले और बिजली, श्री कृष्ण पाल, राज्य मंत्री, सहकारिता, सुश्री श्रुति चौधरी, मंत्री, हरियाणा सरकार, सुश्री आरती सिंह राव, मंत्री हरियाणा सरकार उपस्थित थे। सचिव वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार, श्री एम नागराजू, एलआईसी के गणमान्य व्यक्ति, श्री सिद्धार्थ मोहंती, सीईओ और एमडी, श्री एम जगन्नाथ, एमडी, श्री तबलेश पांडे, एमडी, श्री सतपाल भानु, एमडी और श्री आर. दोरईस्वामी एमडी और भारतीय जीवन बीमा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएँ विभाग के अन्य गणमान्य व्यक्ति/अधिकारी, एलआईसी के बोर्ड सदस्य, हरियाणा सरकार के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे।

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि आज 9 तारीख होने के कारण बहुत शुभ दिन है, यह अंक नवदुर्गा, नवशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बीमा सखी बनकर महिलाओं को धनार्जन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न सरकारी पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि एलआईसी की बीमा सखी बनकर महिलाएं अच्छी कमाई करेंगी और परिवार को अतिरिक्त आय प्रदान करेंगी। यह विकसित भारत की दिशा में एक कदम होगा क्योंकि वे सभी के लिए बीमा का संदेश फैलाकर परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, जिससे भारत को

दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से बीमा सखी बनकर खुद को सशक्त बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदीजी ने कुछ बीमा सखियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलें, ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों, जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी आदि का उल्लेख किया और बताया कि एलआईसी की बीमा सखी, एक महिला कैरियर एजेंट योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने में योगदान देगी बल्कि "सबकी सुरक्षा, सबका विकास" को भी सक्षम बनाएगी। उन्होंने उल्लेख किया कि यह एलआईसी द्वारा एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने के लिए आसानी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।

कोई भी महिला जिसकी आयु 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच हो और जो 10वीं पास या उससे अधिक हो, बीमा सखी के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2014 से लेकर आज तक सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला-उन्मुखी योजनाओं ने न केवल महिलाओं को सशक्त बनाया है, बल्कि महिलाओं को विकसित भारत की ओर जाने वाले पथ पर अग्रसर होने में भी सक्षम बनाया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी कहा कि कैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ऐतिहासिक योजना 2015 में पानीपत में शुरू की गई थी और आज महिलाओं को एक और उपहार, एलआईसी की बीमा सखी योजना की शुरुवात भी पानीपत से ही की जा रही है। उन्होंने हरियाणा में विभिन्न सरकारी पहलों के प्रदर्शन की समीक्षा की और उल्लेख किया कि बीमा सखी महिला सशक्तिकरण को मजबूत करेगी और महिलाओं को विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाएगी।

भारतीय जीवन बीमा निगम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीमा सखी के रूप में अवसर प्रदान करके उन्हें राष्ट्र की प्रगति में भागीदार के रूप में शामिल करके विकसित भारत में भागीदार बनने पर गर्व करता है।

जो लोग बीमा सखी के लिए नामांकन करना चाहते हैं, वे निकटतम एलआईसी शाखा या हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर संपर्क कर सकते हैं।

मुंबई में दिनांक 9 दिसंबर, 2024

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :कार्यकारी निदेशक (सी.सी.)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर हमसे संपर्क करें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे, लेकिन हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके हाथ में है।